मेट्रो-3 मार्ग का 23वां चरण

धारावी तक भूमिगत मार्ग पूरा

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज तक बन रहे मेट्रो-3 के भूमिगत मार्ग के 23 वें चरण का काम गुरुवार को पूरा हो गया. टीबीएम मशीन कृष्णा-1 ने नया नगर से धारावी तक 589.4 मीटर की दूरी 421 रिंग की सहायता से पूरा किया. मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. के अनुसार पैकेज 4 की कुल दूरी 10.9 किमी में से अब तक 8.2 किमी मार्ग पूरा कर लिया गया है.

कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज तक पूर्णतः भूमिगत मार्ग के कार्य के लिए कुल 32 चरण का काम हो रहा है. इस मार्ग के 23वें चरण का काम पूरा हो गया है.

589.4 मीटर की दूरी 421 रिंग की सहायता से पूरी

गोदावरी 2 टनल बोरिंग मशीन की सहायता से पैकेज 6 में विद्या नगरी से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल 1 स्टेशन तक डाऊन लाइन दिशा में 2.8 किमी का अंतर 2 हजार 48 रिंग की सहायता से दो सप्ताह पहले पूरा किया गया था. 22 अक्टूबर को एमएमआरसीएल ने 21वां चरण पूरा किया था. इसके लिए सूर्या-2 टनल बोरिंग मशीन की मदद ली गई थी. विधान भवन से चर्चगेट स्टेशन तक डाऊन लाइन की दिशा में 482 मीटर का अंतर 90 दिन में पूरा किया गया. धारावी में भूमिगत मार्ग का 20 वां चरण टनल बोरिंग मशीन कृष्णा 2 की मदद से पूरा किया गया. पैकेज 4 में 4 था चरण नया नगर से धारावी तक. 590 मीटर का कार्य 130 दिन में पूरा किया गया.